राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–**pr.rajbhavan@gmail.com**
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

महामहिम राज्यपाल को सचिव, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग ने 'बिहार डायरी–2021' एवं 'बिहार कैलेण्डर–2021' सादर समर्पित किया

पटना, 01 जनवरी 2021

महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान को सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग के सचिव श्री अनुपम कुमार ने सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग, बिहार द्वारा प्रकाशित 'बिहार डायरी–2021' एवं 'बिहार कैलेण्डर–2021' सादर समर्पित किया।

राज्यपाल श्री चौहान ने 'बिहार डायरी' एवं 'बिहार कैलेण्डर' के ससमय प्रकाशन पर खुशी जाहिर की। राज्यपाल श्री चौहान ने 'बिहार कैलेण्डर' एवं 'बिहार डायरी' के माध्यम से बिहार की विरासतों एवं पुरातात्विक स्थलों तथा सरकारी विकास एवं कल्याणकारी योजनाओं से आमजन को अवगत कराने हेतु जनसम्पर्क विभाग के सार्थक प्रयासों की प्रशंसा करते हुए धन्यवाद दिया।

उक्त मौके पर राज्यपाल को सूचना सचिव ने बताया कि राज्य की गौरवपूर्ण और वैभवशाली ऐतिहासिक विरासत से लोगों को अवगत कराने के उद्देश्य से इस वर्ष के कैलेण्डर में बिहार के उन पुरातात्विक स्थलों को दर्शाया गया है, जो नव अन्वेषित हैं तथा जिनके विषय में लोगों को सामान्यतया कम जानकारी है। साथ ही कुछ महत्वपूर्ण ऐतिहासिक धरोहरों को भी इसमें शामिल किया गया है ताकि इनके बारे में लोगों की रूचि बढ़े तथा वे अत्यन्त समृद्ध बिहार की विरासतों से भी अवगत हो सकें। उन्होंने बताया कि 'बिहार कैलेण्डर–2021' में इस बार तेल्हाड़ा विश्वविद्यालय (नालंदा), साइक्लोपियन वॉल (राजगीर), रोहतासगढ़ (रोहतास), शेरगढ़ (रोहतास), बलिराजगढ़ (मधुबनी), चिराँद (सारण), चेचर (वैशाली), लाल पहाड़ी (लखीसराय), चौसा (बक्सर), विशालगढ़ (वैशाली), भदरिया (बाँका) एवं गुवारीडीह (भागलपुर) से जुड़ी पुरातात्विक एवं ऐतिहासिक विरासतों को प्रकाशित किया गया है। सचिव ने बताया कि 'बिहार डायरी–2021' में घोड़ा कटोरा (राजगीर) में भगवान बुद्ध की प्रतिमा, ग्लास स्काई वाक (राजगीर), वाल्मीकि टाइगर रिजर्व आदि की तस्वीरों के अतिरिक्त विभिन्न सरकारी योजनाओं विषयक सूचनाएँ भी शामिल की गई हैं।

राज्यपाल को सचिव, सूचना जनसम्पर्क विभाग द्वारा 'बिहार डायरी' एवं 'बिहार कैलेण्डर' सादर भेंट करते समय सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के निदेशक श्री प्रदीप कुमार झा भी उपस्थित थे।

....